भजन करने से क्या होगा | By Prashant Suryavanshi |

इंसान इंसान को क्या देता है,
करम तेरे अच्छे हों तो
वो बिना मांगे सब देता है।

करम खोटे तो ईश्वर का
भजन करने से क्या होगा,
किया परहेज़ ना कुछ भी
दवा खाने से क्या होगा।

तू खाली हाथ आया है
व खाली हाथ जाएगा,
पथिक मालिक करोड़ों का
ये कहलाने से क्या होगा।

समय पर एक ही ठोकर
बदल देती है जीवन को,
जो ठोकर से भी ना समझे
तो समझाने से क्या होगा।

समय बीता हुआ हरगिज़
कभी ना हाथ आएगा,
लिया चुग खेत चिड़ियों ने
तो पछताने से क्या होगा।

मुसीबत तो टले हरगिज़
सदा हिम्मत ही रखने से,
मुकद्दर पर भरोसा कर
के सो जाने से क्या होगा ?

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ad%e0%a4%9c%e0%a4%a8-%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%8b%e0%a4%97%e0%a4%be-by-prashant-suryavanshi-2/